20.5 किमी लंबी सड़क का निर्माण हुआ पूरा, मुख्यमंत्री करेंगे उद्घाटन

# आज से गंगा पथ पर दीघा से दीदारगंज तक का करें सफर

संवाददाता, पटना

**जेपी** गंगा पथ का दीदारगंज तक निर्माण पूरा हो गया है और मुख्यमंत्री



नीतीश कुमार इसका लोकार्पण गुरुवार को करेंगे. इसके साथ ही जेपी गंगा पथ से होकर दीघा से दीदारगंज तक गाड़ियों का आवागमन शुरू हो जायेगा. करीब 3831 करोड़ रुपये की लागत की इस परियोजना का निर्माण बिहार राज्य पथ निर्माण निगम ने किया है. पटना शहर के दो महत्वपूर्ण छोरों को जोड़ने वाली इस अतिमहत्वपूर्ण सड़क की लंबाई 20.5 किलोमीटर है.

**उत्तर-दक्षिण बिहार के बीच मजबूत संपर्क :** यह सड़क जेपी सेतु और महात्मा गांधी सेतु से जुड़ती है, जिससे उत्तर और दक्षिण बिहार के बीच सफर और भी आसान हो गया है. दीदारगंज तक बनने के बाद यह सड़क कच्चीदरगाह-बिदुपुर छह लेन पुल से भी जुड़ जायेगी. इससे पटना सहित उत्तर बिहार और दक्षिण बिहार के बीच बेहतर सड़क संपर्क विकसित हो सकेगा. इससे लोगों को सुविधा होगी और उनका समय भी बचेगा.



## यह भी होगा

**बिहटा से मोकामा तक होगा विस्तार :** पश्चिम में कोइलवर पुल तक और पूर्व में दीदारगंज से फतुहा, बख्तियारपुर होते मोकामा तक पुराने एनएच के चौड़ीकरण का काम शुरू होगा. दीघा से गांधी मैदान के बीच गंगा किनारे उद्यान विकसित होगा.

**पटना रिंग रोड से भी जुड़ेगा गंगा पथ :** वर्तमान में यह पथ गंगा नदी पर पांच पुलों से जुड़ रहा है, जिनमें से तीन पुल बन रहे हैं. यह पटना रिंग रोड से होकर गुजरता है. कोइलवर तक विस्तार होने पर यह एनएच-922, एनएच-319 और पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से भी जुड़ेगा.

## चार चरण हो चुके हैं पूरे

लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती 11 अक्टूबर 2013 को इस परियोजना की नींव रखी गयी थी. उसी दिन से इसे जेपी गंगा पथ नाम दिया गया.

| पहला चरण | दूसरा चरण |
|---|---|
| दीघा से पीएमसीएच तक 7.5 किमी लंबाई में 24 जून 2022 को जनता को समर्पित की गयी. | 14 अगस्त 2023 को पीएमसीएच से गायघाट तक पांच किमी तक लोकार्पण |
| **तीसरा चरण** | **चौथा चरण** |
| 10 जुलाई 2024 को गायघाट से कंगन घाट तक तीन किमी लोकार्पण | कृष्णा घाट संपर्क पथ का उद्घाटन तीन अक्टूबर 2024 को किया गया |

## यह होगा फायदा

- उत्तर बिहार खासकर छपरा, गोपालगंज, सीवान समेत अन्य जिलों से इलाज के लिए पीएमसीएच तक आने वाले लोगों को समय की काफी बचत होगी
- इस इलाके को स्मार्ट पटना योजना के तहत शहर के प्रमुख मनोरम स्थल और उद्यान के तौर पर विकसित करने की योजना है.

## जारी रहेगा विस्तार

- जेपी गंगा पथ का विस्तार बिहटा में कोइलवर पुल तक करने की योजना है. इससे पटना से आरा-बक्सर (एनएच-922), आरा-मोहनिया (एनएच-319) और पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे तक सीधा जुड़ाव होगा.
- जेपी गंगा पथ का संपर्क गंगा नदी के पांच पुलों से हो सकेगा, जिनमें से तीन पुलों का निर्माण शीघ्र पूरा होने वाला है.